# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

**राजभाषा प्रकोष्ठ ( Hindi Cell )**

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

**दिनांक 31/12/2025, दोपहर: 12:30 बजे** **स्थान- समिति कक्ष, निदेशक कार्यालय**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति कक्ष, प्रथम तल, प्रभा भवन में दिनांक 31/12/2025 को दोपहर: 12:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के माननीय निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी द्वारा की गयी। बैठक में माननीय अध्यक्ष के साथ समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने बैठक में भाग लिया -

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. रोहित भाकर, कुलसचिव | सदस्य सचिव |
| 3. | प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 4. | श्री कुशाग्र चतुर्वेदी, राजभाषा अधिकारी, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 5. | प्रो. डी. बूलचंदानी, अधिष्ठाता, अकादमिक | सदस्य |
| 6. | प्रो. कनुप्रिया सचदेव, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | सदस्य |
| 7. | डॉ. राजीव कुमार दोहरे, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 8. | डॉ. मुस्ताक अहमद, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 9. | प्रो. एम.एम. शर्मा, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 10. | प्रो. राजेन्द्र कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 11. | डॉ. संतोष चौधरी, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ. दिवेश कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 13. | डॉ. सुमंत कुमार मैहर, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ. दिनेश गोपलानी, विभागाध्यक्ष, क्रत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 16. | श्री सुधाकर मौर्या, सहायक कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना – II | सदस्य |

कुशाग्र

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 17. | श्री मनीष यादव, सहायक कुलसचिव, अंकेक्षण | सदस्य |
| 18. | डॉ. रीतू सिंह, उप-कुलसचिव, छात्र कल्याण | सदस्य |
| 19. | डॉ. वरुण त्यागी, सहायक कुलसचिव, बैठक अनुभाग | सदस्य |

निम्नलिखित सदस्य किन्हीं कारणों से उपस्थित नहीं रहे –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. ऋषि तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सह समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 2. | प्रो. लव भार्गव, अधिष्ठाता शोध एवं परामर्श | सदस्य |
| 3. | प्रो. दिलीप शर्मा, अधिष्ठाता, अधिष्ठाता इंटरनेशनल एवं एलुमनाई अफेयर्स | सदस्य |
| 4. | प्रो. रोहित गोयल, अधिष्ठाता, नियोजन एवं विकास | सदस्य |
| 5. | प्रो. अमर पटनायक, अधिष्ठाता, संकाय कल्याण | सदस्य |
| 6. | डॉ. विनीत साहुला, अधिष्ठाता, डिजिटल अवसंरचना सेवायें | सदस्य |
| 7. | प्रो. राजीव श्रृंगी, विभागाध्यक्ष, वास्तुकला एवं नियोजन | सदस्य |
| 8. | प्रो. शिव दयाल भारती, विभागाध्यक्ष, जनपद अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 9. | प्रो. निखिल गुप्ता, विभागाध्यक्ष विद्युत, अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 10. | प्रो. हरलाल सिंह माली, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 11. | प्रो. नुपुर टंडन, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ. भगवती शर्मा, केंद्राध्यक्ष, पदार्थ अनुसंधान केंद्र | सदस्य |
| 13. | डॉ. कपिल पारीक, केंद्राध्यक्ष, ऊर्जा एवं पर्यावरण | सदस्य |
| 14. | डॉ. निशांत रॉय, केंद्राध्यक्ष, आपदा शमन एवं प्रबंधन | सदस्य |
| 15. | श्री दीपक माहेश्वरी, उप कुलसचिव, भंडार एवं क्रय | सदस्य |
| 16. | श्री रमेश चंद मीना, सहायक कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना – I | सदस्य |
| 17. | श्री रवि राधाकिशन लखानी, सहायक कुलसचिव, लेखा | सदस्य |
| 18. | श्री पवन कुमार शर्मा, अधीक्षक, राजभाषा प्रकोष्ठ | सदस्य |

अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति सदस्य एवं समन्वयक, राजभाषा प्रो. राज कुमार व्यास ने कार्यसूची के विभिन्न बिन्दुओं को चर्चा के लिए पटल पर रखा जिन पर समिति सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। बैठक की कार्यवाही एवं विस्तृत चर्चा के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समिति द्वारा दी गई अनुशंसाओं का विवरण निम्नलिखित है-

कुशाग्र

Scanned with OKEN Scanner

**बिन्दु संख्या 1. पिछली बैठक(29/09/2025)के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति ।**

समन्वयक, राजभाषा द्वारा पिछली बैठक (29/09/2025) के पश्चात हुई निम्नलिखित राजभाषा संबंधी कार्यों की जानकारी प्रदान की गई -

- हिंदी पखवाड़ा-2025 का समापन (दिनांक 30.09.2025) ।
- चौथी तिमाही की हिंदी कार्यशाला का आयोजन (दिनांक 08.10.2025) ।
- नराकास बैठक में संस्थान द्वारा सहभागिता (दिनांक 10.10.2025) ।
- तिमाही रिपोर्ट डाटा (01 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक) की समीक्षा ।
- "अभिरुचि– वैज्ञानिक पत्रिका" के कवर पेज का दीक्षांत समारोह के दौरान अनावरण (दिनांक 11.10.2025) ।

उपरोक्त के साथ ही तिमाही रिपोर्ट नहीं भेजने वाले विभागों/अनुभागों/कार्यालयों/केन्द्रों की सूची भी साझा की गई जो कि निम्नलिखित है -

1. कुलसचिव कार्यालय
2. शोध एवं परामर्श कार्यालय
3. इंटरनेशनल एवं एलुमनाई अफेयर्स कार्यालय
4. संपदा अनुभाग कार्यालय
5. डिजिटल अवसंरचना सेवाएं कार्यालय
6. वास्तुकला एवं नियोजन विभाग
7. जनपद अभियांत्रिकी विभाग
8. संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग
9. विद्युत अभियांत्रिकी विभाग
10. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग
11. यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग
12. गणित विभाग
13. प्रबंध अध्ययन विभाग
14. रसायन शास्त्र विभाग
15. ऊर्जा एवं पर्यावरण केंद्र
16. आपदा शमन एवं प्रबंधन केंद्र
17. प्रशासन एवं स्थापना अनुभाग – I
18. प्रशासन एवं स्थापना अनुभाग – II

कुशाग्र

Scanned with OKEN Scanner

19. लेखा अनुभाग

20. अंकेक्षण अनुभाग

**अनुवर्ती कार्रवाई- जिन विभागों से तिमाही रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई उन्हें पुनः स्मरण करवाया जायें की वें सुनिश्चित ही तिमाही रिपोर्ट समय से भेजा करें।**

**बिन्दु संख्या 2. नराकास बैठक के कार्यवृत्त पर विस्तृत चर्चा।**

बैठक में नराकास बैठक के कार्यवृत्त के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं साथ ही राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन करना, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना, हिंदी में मूल पत्राचार, हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन, विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में सहभागिता, राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने हेतु सभी सदस्यों से गंभीर प्रयास करने को कहा गया।

**अनुवर्ती कार्रवाई- संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र द्वारा।**

**बिन्दु संख्या 3. अध्यक्ष नराकास (कार्यालय-2) के पत्र संख्या जी/379/6/10 भाग-4 दिनांक 12.11.2025 का अवलोकन एवं विस्तृत चर्चा।**

समन्वयक, राजभाषा द्वारा बताया गया कि -

1. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन करने का लक्ष्य 100 प्रतिशत है जो प्राप्त नहीं हुआ है।
2. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने का लक्ष्य 100 प्रतिशत है जो प्राप्त नहीं हुआ है।
3. हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन:- लक्ष्य – प्रत्येक तिमाही में एक कार्यशाला जो नियमित रूप से आयोजित की जा रही है।
4. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन - लक्ष्य – प्रत्येक तिमाही में एक बैठक जो नियमित रूप से आयोजित की जा रही है।

तत्पश्चात सभी सदस्यों से धारा 3 (3) का पूर्णत: अनुपालन करने एवं हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने हेतु एवं शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रयास किये जाने का अनुरोध किया गया एवं सभी को अवगत करवाया गया की वर्ष 2025 से कार्यशालाओं एवं बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

**अनुवर्ती कार्रवाई- संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र द्वारा।**

बैठक के दौरान माननीय निदेशक महोदय द्वारा कुछ सुझाव/निर्देश भी दिए गए-

1. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में सभी सदस्यों को बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने हेतु कहा।

Scanned with OKEN Scanner

2. अध्यक्ष महोदय ने समिति के सभी सदस्यों से कहा की वे राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) पूर्णतः का अनुपालन करें।
3. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा प्रकोष्ठ की वेबसाइट बनाने जाने का सुझाव दिया।
4. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा हिंदी शब्दावली को समिति के सभी सदस्यों के साथ साझा करने को कहा।

तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समन्वयक, राजभाषा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| कुशाग्र | 21/1/2026 | राज कुमार व्यास 21/1/2026 |
| कुशाग्र चतुर्वेदी | डॉ. ऋषि तिवारी | प्रो. राज कुमार व्यास |
| **राजभाषा अधिकारी, राजभाषा** | **सह समन्वयक, राजभाषा** | **समन्वयक, राजभाषा** |

21/1/2026
(प्रो० रोहित माथुर)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव राजभाषा कार्यान्वयन समिति

**अध्यक्ष**

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति**

**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर**

Scanned with OKEN Scanner